राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 12 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर तथा केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान के हितों की अनदेखी करने के विरोध में इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले 13 जिलों में कल दिनांक 13 अप्रेल, 2022 को प्रातः 11 बजे कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला मुख्यालयों पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही राजस्थान की जनता के साथ विश्वासघात करने पर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से इस्तीफा मांगा जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना जिसके तहत् चम्बल एवं सहायक नदियों के अतिरिक्त पानी को नहर द्वारा राजस्थान के 13 जिलों के निवासियों की प्यास बुझाने तथा दो लाख हैक्टयर से अधिक भूमि की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध करवाया जाना है को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का वादा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की जनता से किया था, किन्तु केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उक्त वादा किया है इससे इनकार कर दिया गया है जबकि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिलना राजस्थानवासियों का अधिकार है। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है तथा प्रदेश की 8 करोड़ जनता के साथ किये गये वादे की अनदेखी कर विश्वासघात किया जा रहा है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करवाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा परियोजना के तहत् लाभान्वित होने वाले सभी 13 जिलों में केन्द्र सरकार के विरूद्ध धरना देकर प्रदर्शन किया जायेगा तथा राजस्थान की जनता के हितों की अनदेखी करने पर केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से इस्तीफा मांगा जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter